


नवभारत 10
इंदौर, सोमवार, 10 नवंबर, 2025

## एक नजर में

### महेंद्र चौधरी विधानसभा महासचिव बने

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस संगठन के चुनाव में उज्जैन उत्तर विधानसभा से मुकुल घुरैया ने युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। वहीं महेंद्र चौधरी विधानसभा महासचिव और इंद्रानगर ब्लॉक अध्यक्ष अलरजा मुलतानी बने। मुकुल घूरैया के निर्वाचित होने पर संगठन के पदाधिकारी एवं इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया।

### रक्तदान शिविर संपन्न हुआ



**नागदा।** नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज नागदा द्वारा मानव सेवार्थ एक विशाल रक्तदान शिविर 9 नवम्बर रविवार को गुरुकुल स्कूल प्रकाश नगर गली नंबर 3 में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप रावल, प्रकाश जैन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शालिग्राम ने की। कार्यक्रम में समाज के कोषाध्यक्ष गोपाल शर्मा, मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा बैंक वाले, निलेश मेहता, जगदीश शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, हरिकिशोर पुरोहित, डॉ. राकेश शर्मा, राजेश शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, निरंजन भट्ट, राजेश सिसोदिया, राजेंद्र व्यास, लोकेंद्र व्यास, नरेंद्र व्यास, योगेश शर्मा, संतोष शर्मा, रोहित शर्मा, जयंत शर्मा, चंद्रशेखर भट्ट, शशिकांत शर्मा, विनोद शर्मा, शुभम शर्मा, महिला मंडल से चंद्रकांता शर्मा, इंदू पुरोहित, राधा व्यास, अर्चना शर्मा, कृष्णा शर्मा, साधना शर्मा, वंदना शर्मा, मिनाक्षी व्यास, पल्लवी शर्मा, शोभा शर्मा, अंगूरबाला सिसोदिया, रेणुका व्यास, आयुशर्मा, खुशी सिसोदिया आदि समाज जन उपस्थित हुए। समिति ने सभी का आभार प्रकट किया।

### उजाला मिशन के तहत ग्राम दाऊद खेड़ी में ओपन हाउस गतिविधि आयोजित

**उज्जैन।** उजाला मिशन के अंतर्गत ग्राम दाऊद खेड़ी में बच्चों के साथ एक ओपन हाउस गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना और शिक्षा एवं स्वास्थ्य पोषण से जुड़ी उनकी वास्तविक स्थितियों को समझना था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ खेल–खेल में विभिन्न संवादात्मक गतिविधियां की गईं। जिनके माध्यम से यह जाना गया कि वे किन कारणों से आज भी शिक्षा और पोषण के अधिकार से वंचित हैं। बच्चों ने अपनी दैनिक जीवन की चुनौतियों और अनुभवों को खुले रूप में साझा किया। इस पहल के माध्यम से मिशन टीम ने समुदाय के भीतर जागरूकता बढ़ाने और बच्चों के लिए एक सकारात्मक एवं सहयोगपूर्ण वातावरण तैयार करने का संदेश दिया।

### किसानों को मुआवजा राशि शीघ्र खातों में डाली जाए

नागदा। कृषि उपज मंडी सुबह 10 बजे चालू की जाये वर्तमान मंडी नीलामी 11 बजे बाद चालू हो रही जिसमें किसानों के कृषि वाहन उपज बेचने में पूरा दिन लग जाता है। इस समय किसानों का रबी सीजन का कृषि कार्य चल रहा है। जिसमें कृषि उपज बेचने में पूरा दिन लगने से कृषि वाहन व किसानों का काफी नुकसान हो रहा है। किसान अपनी उपज मंडी के अलावा मजबूरन अन्य दुकानदारों को बेचना पड़ती है। भावान्तर प्रक्रिया को देखते हुए कृषि उपज नीलमी 11 बजे की बजाय 10 बजे चालू की जाए। 8 अक्टूम्बर से दस्तावेज आमंत्रित की प्रक्रिया चालू कर दी गयी थी व शासन ने 19 अक्टूम्बर को मुआवजा राशि खातों में वितरण की गयी थी। लेकिन 21 दिन बित जाने के बाद भी 40 प्रतिशत किसानों को मुआवजा राशि खातो में नहीं डाली गयी है। जिससे किसान राजस्व विभाग के चक्कर काट रहा है। शेष किसानों को शीघ्र मुआवजा राशि खातों में डाली जाए ताकि किसानो को रबी सीजन के कृषि कार्य करने में राहत मिलेगी।

### कार्तिक मेले में गूंजे देशभक्ति के गीत




**उज्जैन।** पुण्य सलिला मां शिप्रा के पावन तट पर नगर पालिक निगम द्वारा आयोजित कार्तिक मेला मंच पर ज्वलंत अमित शर्मा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन, देशभक्ति और सदाबहार गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में ज्वलंत शर्मा, अमित शर्मा, मिथिलेश शर्मा, अनामिका शर्मा, अनमोल शर्मा, लय शर्मा, अनुभूति शर्मा द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर कार्तिक मेला सांस्कृतिक समिति द्वारा कलाकारों का स्वागत अभिनंदन किया गया।

### ठेका श्रमिकों की स्वैच्छिक योजना को लेकर लगाए गए आरोप निराधार

**नागदा।** लैंक्सेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अपने नागदा स्थित विनिर्माण संयंत्र में ठेका श्रमिकों के लिए लाई गई स्वैच्छिक योजना को लेकर लगाए गए कुछ दुर्भावनापूर्ण एवं गलत आरोपों को सिरे से खारिज किया है। कंपनी की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह विषय पूर्णत: ठेकेदारों और उनके कर्मचारियों के बीच का मामला है। संबंधित योजना ठेकेदारों द्वारा उन कर्मचारियों के लिए प्रस्तुत की गई है जो स्वेच्छा से इसमें शामिल होना चाहते हैं। बयान में आगे कहा गया है कि लैंक्सेस इंडिया सदैव श्रमिकों के कल्याण और उनके हितों को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करती आई है। कंपनी का प्रयास रहा है कि कार्यस्थल पर एक सुरक्षित, सहयोगपूर्ण और पारदर्शी वातावरण बना रहे।

# चम्पाषष्ठी महोत्सव की तैयारियां शुरू



**उज्जैन।** महाकाल घाटी स्थित समाज की धर्मशाला में क्षत्रिय मराठा समाज द्वारा पत्रिका विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष अनिल धर्मे की अध्यक्षता में मल्हारी मार्तण्ड भगवान की भव्य तली भंडार महाआरती की गई।

समाज द्वारा आगामी छे दिवसीय चम्पाषष्ठी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 21 नवंबर से कार्यक्रम शुरू होगा जो 26 नवंबर तक चलेगा। समाज के सचिव अनिल गावड़े एवं कोषाध्यक्ष राजेश खोयरे ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव के पूर्व पत्रिका का विमोचन किया गया है, जो समाज के घर-घर पहुंचाकर सभी समाजजनों को आमंत्रित करने का कार्य करेगी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन एवं महिलाएं उपस्थित थीं। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि यह उत्सव सभी समाजजनों के सहयोग से मिल–जुलकर आयोजित किया जाएगा। विशेष रूप से युवाओं की भागीदारी से समाज में एकता और समरसता का संदेश जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश्वरी जोशी, मान गडकरी, मान रिटायर्ड डी एस पी यशवंत राव, पवार, मान देवदत्त येवले उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नवगठित महिला मंडल की कार्यकारिणी का समाज द्वारा सम्मान एवं अभिनंदन किया गया और क्षत्रिय मराठा समाज के युवा संगठन की चम्पाषष्ठी संयोजक की घोषणा की गई। अध्यक्षता अनिल धर्मे ने की एवं आभार सुनीता पाटिल ने माना। तत्पश्चात सभी समाजजन ने भोजन प्रसादी का लाभ लिया।




## मैराथन तथा वॉकथन का आयोजन किया

**खाचरौद।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रधान जिला न्यायाधीश उज्जैन गुप्ता के आदेश अनुसार तथा प्रथम जिला न्यायाधीश नीतू कांता वर्मा के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति खाचरौद ने आज 9 नवंबर को न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत 9 नवंबर से 14 नवंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा अनुसार मैराथन तथा वॉकथन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पैरालीगल वालेंटियर विष्णु सोलंकी, श्याम चन्द्रावत, अभिषेक अवस्थी, गिरिराज राठौर, संगीता, गिरिराज पंवर, बलवंत सिंह, चयन जैन, घनश्याम शर्मा तथा न्यायालय के कर्मचारीगण, पवन पुत्र व्यायाम शाला खाचरोद के बालक , बालिकाएं भी सम्मिलित रही। आयोजित मैराथन दौड़ में पवन पुत्र व्यायाम शाला खाचरौद की बालिका शिवानी बैरागी प्रथम स्थान, चंचल लोहार द्वितीय स्थान, तलवी लोहार तृतीय स्थान, नव्या दावरे चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। मैराथन दौड़ का आरंभ न्यायालय परिसर खाचरोद से किया गया, जो खाचरौद के विभिन्न स्थानों से होते हुए पुन: न्यायालय परिसर में समापन किया गया।

## 72 प्रतियोगियों ने डॉ . इकबाल की रचना का पाठ किया



**उज्जैन।** सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा के रचयिता महान दार्शनिक, विद्वान डॉ इकबाल की जयंती पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आईक्यू इंटरनेशनल स्कूल आगर नाका में शायरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

संरक्षक सैयद आबिद अली मीर एवं सचिव धर्मेंद्र राठौर ने बताया कि 72 प्रतियोगियों ने डॉ. इकबाल की रचना का पाठ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर के ख्यात नाम शायर सुर्खाब बशर ने डॉ. इकबाल को याद करते हुए कहा डॉ. इकबाल जैसी शख्सियत सदी में एक बार जन्म लेती है। डॉ. इक़बाल फारसी, उर्दू के मशहूर शायर एवं दार्शनिक थे। आपने हर विषय पर अपनी रचना लिखी। हजारों साल नर्गिस अपनी बेनूरी पर रोती है तब जाकर चमन में होता है दीदावर पैदा। विशेष अतिथि शिक्षाविद सादिक मंसूरी, मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन ने भी संबोधित किया। प्रतियोगिता में टॉप 10 प्रतियोगियों के अलावा अन्य प्रतियोगियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में अर्श खान विजेता रहे। आपको ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और वॉल क्लॉक प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट समीर खान ने करते हुए कहा कि डॉ. अल्लामा इकबाल अपने सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा की रचना कर यह दुनिया जब तक रहेगी तब तक के लिए इतिहास में दर्ज करा लिया। आपने प्रतियोगिता में पुरस्कार शामिल सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा डॉ. इकबाल की रचना का पाठ करते हुए कहा खुद ही को कर बुलंद इतना कि हर तकदीर से पहले, खुदा बंदे से पूछे बता तेरी रजा क्या है। कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध नागरिक नासिर मंसूरी, शाह मोहम्मद, शाकिर शेख, नसरीन अली, आफरीन खान, शरीफ खान आदि उपस्थित थे। संचालन शिक्षाविद एडवोकेट अर्शी अनवर हुसैन ने किया एवं आभार इंजीनियर सद्दाम ने माना। उपरोक्त जानकारी प्रचार सचिव चेतन ठक्कर और सैयद आशिक अली ने दी।



## ज्योतिषाचार्य अर्चना सरमंडल राष्ट्रीय ज्योतिष तंत्र प्रतिभा सम्मान से सम्मानित

**उज्जैन।** इंदौर में हुए अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष समागम एवं देवज्ञ सम्मान समारोह 2025 में उज्जैन की ज्योतिषाचार्य बगलामुखी साधिका अर्चना सरमंडल को राष्ट्रीय ज्योतिष तंत्र प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। 8 एवं 9 नवंबर को आयोजित ज्योतिष सम्मेलन में ज्योतिषाचार्य अर्चना सरमंडल को महिला सचिव रूप में आमंत्रित किया गया और ज्योतिष तंत्र आचार्य सम्मान से सम्मानित किया गया।

इंदौर में मां भुवनेश्वरी ज्योतिष वास्तु कर्मकांड शोध संस्थान द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष समागम में थीसिस सबमिट करने के साथ ही ज्योतिष, वास्तु, तंत्र, कर्मकांड, टेरो कार्ड, हस्तरेखा और अध्यात्म के क्षेत्र में किए गए विशेष योगदान के लिए ज्योतिषाचार्य अर्चना सरमंडल को यह सम्मान दिया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष समागम एवं देवज्ञ सम्मान समारोह में देशभर से साधक, तंत्राचार्य, ज्योतिषी, टैरो कार्ड रीडर सहित 150 विद्वान सम्मिलित हुए। सभी ने अपने अपने क्षेत्र और विभिन्न विषयों पर अनुसंधान किया तथा देश की सामाजिक, आर्थिक, व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। बड़े विद्वानों ने नि:शुल्क पत्रिका भी देखी।

## राहुल पोरवाल ने एमपीपीएससी में दो बार सफलता हासिल की



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा हाल ही में जारी 2023 के अंतिम परिणाम में बड़नगर तहसील के ग्राम मनियावदा निवासी राहुल पोरवाल का चयन सहकारिता विस्तार अधिकारी के पद पर हुआ है।

राहुल, जो एक सामान्य कृषक परिवार से आते हैं, के लिए यह सफलता चौथे प्रयास में मिली है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर सुदवास (आगर मालवा) से पूरी की और विक्रम विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान ऑनर्स के रूप में ग्रेजुएशन किया। राहुल ने बताया कि 2019 में ग्रेजुएशन के बाद उन्होंने अपनी तैयारी शुरू की थी। उनका पहला प्रयास 2020 में था, जिसका अंतिम परिणाम आरक्षण के मुद्दे के कारण अभी लंबित है। 2021 और 2022 के इंटरव्यू तक पहुंचने के बावजूद वह अंतिम रूप से चयनित नहीं हो पाए थे। हालांकि, दो माह पूर्व सितंबर में जारी एमपीपीएससी 2024 के परिणाम में भी उनका चयन अधीनस्थ लेखा अधिकारी के रूप में हुआ था, और अब 2023 के परिणाम में उनका चयन सहकारिता विस्तार अधिकारी के पद पर हुआ है। राहुल ने बताया कि उन्होंने इंदौर में रहकर अपनी तैयारी बिना किसी कोचिंग के की और केवल टेस्ट सीरीज जॉइन की थी। उन्होंने अपनी इस दोहरी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता और छोटे भाई को दिया, जिन्होंने कठिन समय में भी उन पर विश्वास किया। राहुल ने विशेष रूप से अपने पिताजी को अपनी प्रेरणा बताया, जिन्होंने नकारात्मकता को उन पर कभी हावी नहीं होने दिया और उन्हें सकारात्मकता की ओर अग्रसर किया।

**एक नजर** कुटुंब प्रबोधन व सामाजिक समरसता पर सारगर्भित व्याख्यान, प्रेरक महिलाओं का हुआ सम्मान

## सप्तशक्ति संगम में मातृशक्ति के विविध रूपों का हुआ सशक्त प्रदर्शन




**उज्जैन।** अखिल भारतीय विद्या भारती के तत्वावधान में मालवा प्रांत उज्जैन विभाग के सरस्वती शिशु मंदिर, संस्कार भवन, ऋषिनगर उज्जैन में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ हम ही मातृशक्ति हैं गीत से हुआ, जिसने समस्त वातावरण को मातृत्व और ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अमृता भावसार प्रांत संयोजिका, सप्तशक्ति संगम, मालवा प्रांत एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष, विद्या भारती–ग्रामीण शिक्षा रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मातृशक्ति समाज की पहली गुरु होती है। यदि घर में संस्कार है, तो वही आगे चलकर राष्ट्र के निर्माण की नींव बनता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. डॉली गिरि गोस्वामी व्याख्याता, शा. उ. मा. शा. उज्जैन, प्रांतीय सह सचिव, विद्या भारती–ग्रामीण शिक्षा ने कहा कि नारी की संवेदना और सामर्थ्य दोनों मिलकर परिवार, समाज और संस्कृति के संतुलन की सबसे बड़ी शक्ति हैं।

विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रीति भार्गव समाजसेवी एवं संचालिका– स्टडी होम स्कूल, उज्जैन ने अपने विचार रखते हुए कहा हर स्त्री के भीतर एक मां, एक मार्गदर्शक और एक निर्माता छिपा होता है, बस उसे पहचानने और सशक्त करने की आवश्यकता है। अध्यक्षता डॉ. अंशु घोष स्त्री रोग विशेषज्ञ, सदस्य श्री शक्ति समिति, ऋषिनगर ने की।

उन्होंने कहा मातृशक्ति केवल जीवनदायिनी नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली शक्ति है; उसकी भूमिका हर युग में अमूल्य रही है। संचालन ज्योत्सना ठक्तर ने किया। जबकि प्रस्तावना श्वेता राजपूत ने प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत शिवानी राजपूत, भावना वर्मा एवं सीमा सोनी ने किया। कार्यक्रम के दौरान महामंडलेश्वर गुरु मां आनंदमयी का सम्मान किया गया, जो कथाओं के माध्यम से पूरे भारतवर्ष में महिला सशक्तिकरण एवं मातृशक्ति जागरण के लिए प्रेरणादायक संदेश दे रही हैं।

अपने आशीर्वचन में गुरु मां आनंदमयी ने कहा कि मातृशक्ति ईश्वर का प्रत्यक्ष स्वरूप है, जिसमें सृजन, करुणा और संरक्षण तीनों का संगम है। जब नारी अपने भीतर की इस दिव्यता को पहचान लेती है, तो पूरा समाज प्रकाशमान हो उठता है। साथ ही कुटुंब प्रबोधन की दृष्टि से कमला चौहान का विशेष सम्मान किया गया, जिन्होंने अपने परिवार की चार पीढ़ियों को संस्कारों से जोड़कर रखा है। व्याख्यान के पश्चात अलका पुरोहित द्वारा मातृशक्तियों के बीच प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं माताओं द्वारा प्रेरणादायक महिलाओं के स्वरूपों का मंचन किया गया। जिसमें अंजलि पांड्या ने जीजाबाई, कल्पना हनोतिया ने डॉ. मैथिली रेड्डी, दीपिका बंदिया ने सावित्रीबाई फुले, विनीता त्रिवेदी ने अहिल्याबाई होलकर, तथा सपना अमेलिया ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का सशक्त रूप प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उज्जैन नगर के सरस्वती विद्या मंदिरों के समस्त प्राचार्य–प्रधानाचार्य, संस्कार भवन के प्राचार्य राधेश्याम शर्मा तथा सप्तशक्ति कार्यक्रम के जिला पालक अभिलाष जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में मातृशक्ति के संकल्प गीत के साथ सभी उपस्थित बहनों व माताओं ने मातृदेवो भव के भाव को आत्मसात करने का संकल्प लिया। आभार प्रदर्शन पूजा गोठी ने किया।